
सकारात्मक- सूचनात्मक उपयोगी समाचार

डाक पंजीकरण संख्या–मेरठ–153–2025–2027
RNI No. UPHIN/2009/31760
प्रथम प्रकाशन 2 अक्टूबर 1981

हिन्दी साप्ताहिक
# श्रम शिखर

वर्ष 16 अंक 42 14 अक्टुबर सोमवार से 20 अक्टुबर रविवार 2024 तक

केन्द्र सरकार, राज्य सरकार उत्तर प्रदेश, विद्युत विभाग से विज्ञापनों हेतु स्वीकृत




श्रीकृष्णा भवन ( गली अपोजिट शिवलोक कॉम्पलैक्स) 283, वैस्टर्न कचहरी मार्ग, मेरठ। फोन: 0121-2641338 E-mail : shramshikhar@gmail.com

वर्ष 16 अंक 42 विक्रम संवत 2081 अश्विन शुल्क एकादशी से कार्तिक कृष्ण तृतीया 14 अक्टुबर सोमवार से 20 अक्टुबर रविवार 2024 तक पृष्ठ 04 मूल्य 8रू०/-

**शासन-प्रशासन जानकारियां**

## नोडल अधिकारी द्वारा डायग्नोस्टिक सेन्टर एवं आर.एस. इमेजिंग सेन्टर हापुड रोड मेरठ का निरीक्षण

**समस्त अल्ट्रासाउण्ड/इमेजिंग सेंटर/डायग्नोस्टिक सेंटर संचालक पीसीपीएनडीटी अधिनियम-1994 के अन्तर्गत नियमो का पालन करते हुए चिकित्सा कार्य कराना करें सुनिश्चित**



नोडल अधिकारी पीसीपीएनडीटी मेरठ ने बताया कि शासन/ जिलाधिकारी /समुचित प्राधिकारी जनपद मेरठ के निर्देशानुसार पीसीपीएनडीटी अधिनियम 1994 के अन्तर्गत पंजीकृत अल्ट्रासाउण्ड संस्थानों पर श्री अनिल श्रीवास्तव नगर मजिस्ट्रेट/नोडल अधिकारी (प्रशासन) जनपद मेरठ एवं डा० महेश चन्द्रा नोडल अधिकारी (स्वास्थ्य) जनपद मेरठ द्वारा आज दिनांक 18 सितम्बर 2024 को संयुक्त रूप से सुविधा डायग्नोस्टिक सेन्टर शाँप नं०-01 अंसारपुरा हापुड रोड मेरठ एवं आर. एस. इमेजिंग सेन्टर हापुड रोड मेरठ का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अल्ट्रासाउण्ड संस्थानों पर पायी गयी कमियों में सुधार हेतु संस्थान के स्वामीध्संचालकों को स्पष्टीकरण पत्र प्रेषित किया जायेगा, स्पष्टीकरण संतोषजनक नहीं पाया जाता है तो उनके विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

उन्होने समस्त अल्ट्रासाउण्ड/इमेजिंग सेन्टर/डायग्नोस्टिक सेन्टर संचालकों को निर्देशित किया कि पीसीपीएनडीटी अधिनियम 1994 के अन्तर्गत नियमों का पालन करते हुए चिकित्सा कार्य कराना सुनिश्चित करें, यदि किसी भी संस्थान पर कमियाँ/खामियाँ पायी जाती है तो उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही अमल में लायी जायेगी, जिसके लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगे। नोडल अधिकारी पीसीपीएनडीटी मेरठ ने बताया कि शासन जिलाधिकारी /समुचित प्राधिकारी जनपद मेरठ के निर्देशानुसार पीसीपीएनडीटी अधिनियम 1994 के अन्तर्गत पंजीकृत अल्टांसाउण्ड संस्थानों पर श्री अनिल श्रीवास्तव नगर मजिस्टेंट/नोडल अधिकारी 1/4प्रशासन 1/2 जनपद मेरठ एवं डा० महेश चन्द्रा नोडल अधिकारी 1/4स्वास्थ्य 1/2 जनपद मेरठ द्वारा आज दिनांक 18 सितम्बर 2024 को संयुक्त रूप से सुविधा डायग्नोस्टिक सेन्टर शाँप नं०-1 अंसारपुरा हापुड रोड मेरठ एवं आर. एस. इमेजिंग सेन्टर हापुड रोड मेरठ का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अल्टांसाउण्ड संस्थानों पर पायी गयी कमियों में सुधार हेतु संस्थान के स्वामी/संचालको को स्पष्टीकरण पत्र प्रेषित किया जायेगा, स्पष्टीकरण संतोषजनक नहीं पाया जाता है तो उनके विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। उन्होने समस्त अल्टांसाउण्ड/इमेजिंग सेन्टर/डायग्नोस्टिक सेन्टर संचालकों को निर्देशित किया कि पीसीपीएनडीटी अधिनियम 1994 के अन्तर्गत नियमों का पालन करते हुए चिकित्सा कार्य कराना सुनिश्चित करें, यदि किसी भी संस्थान पर कमियाँ/खामियाँ पायी जाती है तो उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही अमल में लायी जायेगी, जिसके लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगे।

– श्रम शिखर ब्यूरो

## मेरठ मण्डल में बासमती चावल में अधिसूचना में वर्णित दस कीटनाशकों के सभी प्रकार के फामुलेशन्स की बिक्री, वितरण

उप कृषि निदेशक (कृषि रक्षा) मेरठ मण्डल, मेरठ अशोक कुमार यादव ने समस्त जिला कृषि रक्षा अधिकारी, मेरठ मण्डल मेरठ को पत्र प्रेषित करते हुये बताया कि उत्तर प्रदेश शासन,कृषि अनुभाग-२ द्वारा जारी अधिसूचना के द्वारा उत्तर प्रदेश राज्य के तीस जिलो जिसमे मेरठ मण्डल के समस्त छः जिले बागपत, बुलन्दशहर, गौतमबुद्वनगर, हापुड़, मेरठ एवं गाजियाबाद भी सम्मिलित हैं, में बासमती चावल में अधिसूचना में वर्णित दस कीटनाशकों के सभी प्रकार के फामुलेशन्स की बिक्री, वितरण और प्रयोग को अधिसूचना के गजट में प्रकाशित किए जाने के दिनांक से साठ दिनों की अवधि के लिए प्रतिषिद्व किया गया है। उन्होने संबंधित अधिकारियो को निर्देशित किया कि आप तत्काल अपने जनपद की समस्त कीटनाशी विर्निमाता कम्पनियों, सी०एण्ड एफ० फर्मो, समस्त कीटनाशी डीलरों को उपरोक्त के सम्बन्ध में आवश्यक निर्देश जारी कर दें, साथ ही विभिन्न माध्यमों के द्वारा कृषकों में जागरूकता एवं प्रतिषिद्व कीटनाशियों का प्रयोग नहीं करने के सम्बन्ध में व्यापक प्रचार-प्रसार कराना सुनिश्चित करें।

– श्रम शिखर ब्यूरो




## नोडल अधिकारी द्वारा डायग्नोस्टिक सेन्टर एवं आर.एस. इमेजिंग सेन्टर हापुड रोड मेरठ का निरीक्षण

**ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत समस्त ई-श्रमिक जिनके राशनकार्ड नहीं बने है अथवा जिनक नाम राशनकार्ड में नाम दर्ज नहीं है,**



राशनकार्ड हेतु आनलाईन आवेदन कर समस्त दस्तावेज संबंधित क्षेत्रीय खाद्य कार्यालयध्तहसील कार्यालय में शीघ्रातिशीघ्र कराये जमा-डीएसओ

जिला पूर्ति अधिकारी विनय कुमार सिंह ने जनपद मेरठ के समस्त ई-श्रम कार्डधारकों को सूचित कर अवगत कराया कि ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत समस्त ई-श्रमिक, जिनके राशनकार्ड नहीं बने है, के प्राथमिकता के आधार पर राशनकार्ड बनाये जाने का कार्य प्रगतिमान है।

उन्होने जनपद मेरठ में ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत समस्त ई-श्रमिकों, जिनके राशनकार्ड नहीं बने है अथवा जिनके नाम राशनकार्ड में नाम दर्ज नहीं है, से अपील की है कि वे राशनकार्ड हेतु ऑनलाइन आवेदन कराकर, समस्त आवश्यक दस्तावेजों व ई-श्रम कार्ड की छायाप्रति सहित आवेदन पत्र सम्बन्धित क्षेत्रीय खाद्य कार्यालयध्तहसील कार्यालय में शीघ्रातिशीघ्र जमा करा दें, ताकि प्राप्त आवेदन पत्र की नियमानुसार जांचध्सत्यापन कर पात्रता की स्थिति में राशनकार्ड निर्गत किये जा सकें।

इस अवसर पर जिलाधिकारी दीपक मीणा, अपर जिलाधिकारी वित्त सूर्य कान्त त्रिपाठी, उप जिलाधिकारी सदर कंडारकर कमल किशोर देशभूषण, जिला सूचना अधिकारी सुमित कुमार, एसपी टैफिक राघवेन्द्र मिश्रा, जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश कुमार सहित एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, अग्निशमन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पुलिस एवं प्रशासन विभाग, आपदा मित्र, एनसीसी, सिविल डिफेन्स, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के संबंधित अधिकारी, कर्मचारी, छात्र-छात्राएं आदि उपस्थित रहे।

– श्रम शिखर ब्यूरो

R- Reliable R-Reas onable

Print | Outdoor | Electronic | Signage | Film | Event | Magazine | Digital Media | Media International | Awareness Program | All News Paper

Estd. 1979

RR ADVERTISING SERVICES

Ph. 0121-2641338, 9412203620, 9219660360 | Email- rradvertisingmeerut@gmail.com




# गांधी आश्रम से तेजगढ़ी, गढ़ रोड़ तक

## मुख्यमंत्री ग्रिड योजना अन्तर्गत शिलान्यास हुआ मेरठ में

उ०प्र० मुख्यमंत्री ग्रिड योजना अन्तर्गत मेरठ में गांधी आश्रम से तेजगढ़ी चौराहा तक की करीब २.१५ कि०मी० गढ रोड़ बनने के लिए इस सितम्बर के मध्या शिलान्यास कार्यक्रम हो गया इस कार्यक्रम को ऊर्जा राज्यमंत्री एंव मेरठ दक्षिण से विधायक डा० तोमेन्द्र तोमर व मेयर हरिकान्त अहलूवालिया तथा मुख्य नगर अधिकरी डा० अमितपाल शर्मा द्वारा सम्पन्न कराया गया।

४८ करोड़ की लागत से बनने वाली व १५ माह में तैयार होने वाली इस सड़क पर फर्राटेदार बनाते हुए सड़क के दोनों तरफ बेहतर ड्रेनेज सिस्टम, साइनेज, अर्डर ग्राउण्ड बिजली की लाइव, सड़क के दानो ओर डिवाइडर पर हरियाली व माइनगर ब्रिग कल्वर्ट बेहतर फुटपाथ बनाना चौडीकरण प्रस्तावित है। सम्पूर्ण मार्किट व रेहडी-स्ट्रीट वेंडर की मांग।

फर्राटादार सड़क बनाने में इस सड़क पर फूलों का कारोबार करने वाले व रेहडी तथा स्ट्रीट वेंडर के उजडने की चिंता व्यक्त करते हुए गढ़ रोड़ के फूल एंव अन्य फंड व्यापारियों ने सयुक्त व्यापार समिति के महामंत्री विपुल सिंहल के नेतृत्व में नगर निगम, जिलाप्रशासन एंव सरकार से मांग की है कि इस योजना के अन्तर्गत बनने वाली इस गांधी आश्रम से तेजगढी की फर्राटादार सड़क से कारोबार प्रभावित न करने दिया जाये। संरक्षित कारोबार को करते हुए ही कार्य योजना को जाना जाये। मांग यह जरूरी है कि....

मेरठ स्थित सिटी स्टेशन को रेलवे विभाग द्वारा आधुनिक स्वरूप देते हुए अन्तराष्ट्रीय मानक अनुरूप बनाया जा रहा है। इसके साथ ही मेरठ में नमों व मैट्रो ट्रेन चलाने वाली है। व्यापारिक शैक्षिक एंव पयर्टक दृष्टिगत मेरठ राष्ट्रीय राजधानी का महानगर विकसित हो रहा हे। जहां देश व विदेश के नागरिक आवगमन बढेगा इसके लिए पहले रेलवे स्टेशन से घण्टाघर तक की सड़क को इस योजनान्र्तगत लाकर स्टेशन या मैट्रो स्टेशन या व नयी ट्रेन से उतरने वालों की एक सुव्यवस्थित मार्ग उपलब्ध कराना चाहिए था।

सद्भावना समिति वरिष्ठ नागरिक फोरम के सदस्यों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री का ध्यान इस ओर आकृष्ट करते हुए अपेक्षा की हैं कि सिटी स्टेशनों के बनने वाले भव्य स्वरूप अनुरूप मेरठ शहर में प्रवेश मार्ग सिटी स्टेशन से घण्टाघर को दिलाने पर भी गम्भीर से अमल कराये। यह मार्ग सबसे ज्यादा जाम गढडो, गंदगी युक्त होने साथ अंधेरे का शिकार रहता है। स्टेशन से जैननगर चौराहे तक का रास्ता तो सुनसान है जो असुरक्षित है -श्रम शिखर ब्यूरो


शुभ दिवाली 2024

अपनी परिवार रामलला का प्रतिभा प्रदर्शन, सभी आयुवर्ग में, अपना परिचय, फैन्सी ड्रेस, गाना की फोटो/वीडियों भेजें

सहयोग राशि- 2000/- ऑफर इच्छानुसार पायें सम्मान पत्र, सदस्यता और भी कुछ विशेष,

सद्भावना समिति (पंजी०) वात्सलय कार्यक्रम

नीति आयोग,CSR, 10A, 80G, MSME, में पंजीकृत, पूरे उ०प्र० में कार्यरत

स्वंय सेवक, प्रमोटर चाहिए बायोडाटा, फोटो भेजें - 9219660360

विवरण श्रम शिखर में प्रकाशित एवं यूट्यूब चैनल पर प्रसारित होगा।

9219660359, 9675834737

sadbhavnasamitimeerut@gmail.com

sadbhavnasamiti.in Sadbhvna Waves


## रेसिपी-स्पेशल

### डिनर में बनाएं रेस्टोरेंट जैसा पनीर टिक्का, उंगलियां चाटते रह जाएंगे लोग, ऐसे झटपट करें तैयार

पनीर टिक्का रेसिपी (Paneer Tikka Recipe): डिनर में अगर आप सादा खाना खाकर बोर हो गए हैं, तो आज रात पनीर टिक्का की रेसिपी ट्राई कर सकते हैं. पनीर टिक्का खाने में बेहद स्वादिष्ट और पोषक तत्वों से भरपूर होता है. पनीर खाने के शौकीन लोगों के लिए पनीर टिक्का डिनर का एक शानदार विकल्प है. यह डिश हर उम्र के लोगों को खूब पसंद है और लोग इसे बड़े चाव के साथ खाते हैं. पनीर टिक्का पनीर, शिमला मिर्च और प्याज के ताजे टुकड़ों को दही और मसालों के स्वादिष्ट मिश्रण के साथ मैरीनेट करके बनाया जाता है अगर आपको मसालेदार पनीर रेसिपी पसंद है, तो आपको यह रेसिपी आजमानी चाहिए. खास बात यह है कि बच्चों को तीखा और मसालेदार पनीर टिक्का का स्वाद बहुत पसंद आता है. यह पार्टियों में एक बेहतरीन स्टार्टर डिश भी है. पनीर टिक्का चिकन कबाब का एक अच्छा शाकाहारी विकल्प है. इस स्वादिष्ट डिश को आप घर की पार्टी, पिकनिक और किटी पार्टी जैसे मौकों पर भी बना सकते हैं. चलिए पनीर टिक्का बनाने की आसान विधि और इसके लिए जरूरी सामग्री जान लेते हैं.



पनीर टिक्का के लिए जरूरी सामग्री

स्वादिष्ट पनीर टिक्का बनाने के लिए आपको सबसे पहले 300 ग्राम क्यूब्स के आकार में कटा हुआ पनीर और करीब 100 ग्राम कद्दूकस किया हुआ पनीर चाहिए. इसके अलावा आपको थोड़ा भुना हुआ बेसन,

1 शिमला मिर्च, 2 टमाटर, 2 प्याज, 1 बड़ा चम्मच सरसों का तेल,

2 चुटकी पिसा हुआ गरम मसाला पाउडर, नमक आवश्यकतानुसार, 1 चम्मच अदरक का पेस्ट, 1 चम्मच लहसुन का पेस्ट, 1 चम्मच कसूरी मेथी पाउडर, 1 चम्मच पिसा हुआ चाट मसाला,

1 चम्मच जीरा पाउडर, 1 कप सादा दही, 1 चम्मच लाल मिर्च पाउडर और 1 चम्मच हल्दी पाउडर की आवश्यकता सभी चीजों को मिलाकर आप टेस्टी पनीर टिक्का तैयार कर सकते हैं.

पनीर टिक्का बनाने की आसान विधि- इस आसान डिश को बनाने के लिए सबसे पहले आप पनीर के क्यूब्स में बड़े टुकड़े काट लें. इसके बाद शिमला मिर्च और प्याज के भी बड़े क्यूब्स काटें. अब एक बाउल में दही डालें और उसे तब तक फेंटे जब तक कि दही स्मूद नहीं हो जाता है. फिर इसमें भुना हुआ बेसन, लाल मिर्च पाउडर, जीरा पाउडर, धनिया पाउडर समेत अन्य सभी मसाले और नमक डालकर अच्छी तरह से मिला लें. इसके बाद गैस ऑन करके उस पर एक पैन रखें. पैन में सरसों का तेल डालकर गर्म करें. तेल जब गर्म हो जाए तो उसमें हल्दी पाउडर डाल दें और मिलाएं. अब गर्म तेल को दही के मिश्रण में डालें और अच्छी तरह मिक्स कर दें. इसके बाद पनीर, प्याज और शिमला मिर्च के टुकड़े इस मिश्रण में डालकर अच्छी तरह से कोट कर मैरिनेट करें. इसके बाद बाउल को ढककर फ्रिज में 2 घंटे तक मैरिनेट होने के लिए रख दें. फिर आप ओवन को चालू करें और इसे 200 डिग्री सेल्सियस पर 6-8 मिनट तक प्रीहीट होने दें. टिक्का के लिए आप आयरन की स्कीवर्स का उपयोग करें तो पहले उसे तेल से चिकना कर लें और अगर लकड़ी की स्कीवर्स यूज करें तो पहले उसे 15 मिनट ठंडे पानी में भिगोएं. अब स्कीवर्स पर मैरिनेट किया पनीर, प्याज और शिमला मिर्च सही तरीके से लगाएं स्कीवर्स पर सभी चीजों को ठीक ढंग से व्यवस्थित कर देने के बाद इसे एल्यूममिनियम फॉयल पर रखकर टिक्का पर ब्रश की मदद से मक्खन लगाएं और 10 मिनट के लिए ओवन में रखकर पकाएं. इसके बाद टिक्का को पलटें और 5 मिनट के लिए और पकाएं, जब तक पनीर के किनारे गोल्डन ब्राउन न हो जाएं. अब टिक्का प्लेट में रख लें और ऊपर से चाट मसाला और नींबू रस छिड़ककर हरी चटनी के साथ परोसें

- ज्योति सिंह खिन्दौडिया


हर उम्र के जन-जन को आमन्त्रण -विकास में सहभागी बनिये

प्रजातंत्र में जनता शासक है,अधिकारो के साथ कर्तव्य निभाइयें स्वम विकसित हो, सेवक जन-प्रतिनिधियों को विकास के लिए नियमित मार्गदर्शन दीजिये। यक्तिगत/ सामूहिक (शिक्षण, संस्थान, प्रोफेशनल कॉलिज आदि) निम्न /विभिन्न विषयों पर अपने विचार अभिव्यक्त करें।

- मंहगाई विकास के लिए आवश्यक है।
- सेवक जनप्रतिनिधियो का कैसे सहयोग करें।
- अपने क्षेत्र में विकास की संभावनाएं।
- अपनी विशेषताएं एंव समाजिक योगदान।

सद्भावना समिति (पंजी०)

YouTube Channel { @Sadbhavna Waves @Shram Shikhar

श्रीकृष्ण भवन 283, वैस्टर्न कचहरी रोड़ , मेरठ मो० 9219660359 9675834737

- वार्षिक सदस्यता खुली है
- वॉलटिंयर, मीडिया सैल्स पर्सन

हर गाँव-शहर में पत्रकार,चिकित्सा केन्द्र में पंच करना,नचरोपैथी, वर्कर, डॉक्टर अपना बायोडाटा भेजें

मेरठ में अपने निकटवर्ती नि:शुल्क योग केन्द्र में आयें- योग विज्ञान - 9412208038 भारतीय योग - 9412802511



सकारात्मक-सूचनात्मक उपयोगी समाचार प्रथम प्रकाशन 2 अक्टूबर 1981

E-Paper :shramshikhar.com

केन्द्र सरकार, राज्य सरकार, उत्तर प्रदेश विद्युत विभाग एवं भारतीय रेलवे से विज्ञापनों हेतु स्वीकृत डाक- पंजीकरण संख्या-मेरठ 153.2025.2027 RNI No.UPHIN /2009/31760

साप्ताहिक अखबार श्रम शिखर श्रीकृष्ण भवन (लेन अपोजिट शिव लोक कॉम्पलैक्स), 283/1, वैस्टर्न कचहरी रोड, मेरठ, मो0 9219660359

प्रधान सम्पादक : सुनीता रानी 9897373736

प्रबन्धक : राकेश गुप्ता 9219660359

बिक्री प्रबन्धक : अश्विनी गुप्ता 9358402365

इंटरनेट प्रबन्धक : मेघा अग्रवाल 9219660359

संरक्षक : ब्रज भूषण 9457213164

कानूनी सलाहकार : दिनेश कुमार चतुर्वेदी एडवोकेट :0121-2760145, 9720171549

मार्केटिंग टीम : 9219660359, 9411990449,

वरिष्ठ नागरिक संयोजक श्री सुदेश चन्द्र शर्मा पुत्र पं0 होराम शर्मा 245 खारी कुंआ कोतवाली मेरठ, 8630180430

उ0प्र0 ब्यूरोचीफ : अभिलाष गुप्ता 9412203620 प्रभारी दिल्ली एवं महाराष्ट्र : मंजरी गुप्ता, 42 अनामिका अपार्टमेन्ट इन्द्रप्रस्थ विस्तार पटपड़गंज, नई दिल्ली-92 202, बाहर बिल्डिंग, दूरदर्शन हाउसिंग सोसाइटी, गोकुल धाम, अंधेरी ईस्ट, मुम्बई-63

श्रमशिखर कार्यालय

मेरठ-श्रीकृष्ण भवन,283, वैस्टर्न कचहरी रोड, मेरठ। (0121-2641338) सद्भावना 68ए सांईपुरम, दिल्ली रोड, मेरठ। (9219660359), उत्तराखण्ड - श्री राजेश कुमार गुप्ता, श्री ओम वैष्णव भोजनालय, 78 गांधी रोड, देहरादून (9411548998), गाजियाबाद-(09540018282), अमित कुमार, 705 सी टॉवर, सातवां तल, जी0एच0 1/1, सैक्टर 01, ग्रीन एक्सप्रेस, वैशाली गाजियाबाद,उ0प्र0 09560115905) दिल्ली-राखी मित्तल-एफ-1, त्रवेणी कॉम्पलेक्स शेख सराय फेस-1, न्यू दिल्ली-110017 मो0 9868511922 हरियाणा- राखी मित्तल, रीचमण्ड पार्क डीएलएफ, फेस-4, गुडगांव हरियाणा। मो0 9868511922 मुजफ्फरनगर-विजय बुक स्टोर, मेन रोड, गांधी कॉलोनी, मुजफ्फरनगर। फोनः 9897185208, 9152911899 दिल्ली- Ankit Sisodia GF - 89, Kailash Hills, East of Kailash, New Delhi-110065 श्रीमती रंजीता गर्ग, बी-120, शॉप नं.5,पांडव नगर दिल्ली मो. 9911808555 लखनऊ- अजय श्रीवास्तव, 3/20,विकास नगर लखनऊ फोन9335208218, मुम्बई-अचल गुप्ता, बी- 1603 सनटैक सिटी, गोरेगांव वेस्ट मुम्बई मो.20939916, सरधना-महेश गुप्ता, न्यूज पेपर एजेन्ट मौहल्ला -गुजरान,सरधना, मेरठ। श्रीमति नेहा गोयल फ्लैट नं0 1207 गोमेड ब्लॉक "माई होम जैवल" मदीनागुड़ा हैदराबाद 500049

डाक पंजीकरण संख्या-मेरठ

153-2022-2024 RNI No. UPHIN/2009/31760

मालिक, प्रकाशक, मीना भूषण ने मुद्रक प्रिटिंग - इम्प्रेशन्स प्रिटिंग - पैकेजिंग लिमिटेड, 164/1, मोहकमपुर, दिल्ली रोड़, मेरठ- 250002 से मुद्रित कराकर श्रीकृष्ण भवन, गली अपोजिट शिवलोक कॉम्पलैक्स, 283, वैस्टर्न कचहरी रोड मेरठ से प्रकाशित किया।

सम्पादकः सुनिता रानी

प्रबन्धकः राकेश गुप्ता

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों एवं लेख के चयन एवं सपांदन हेतु जी. आर.वी. एक्ट के अन्र्तगत उत्तर दायी समस्त विवाद मेरठ न्यायालय के अधीन ही होगें।



इच्छाओं और जरूरतों का समाधान

हिन्दी साप्ताहिक श्रम शिखर CITY MEERUT CLASSIFIED

www. shramshikhar.in, shramshikhar@gmail.com



MATRIMONAL

वैवाहिक परिचय:- वैवाहिक विज्ञापन में कार्य समूह और आर. एच. फैक्टर जांच कराकर प्रकाशित करायें। यह जन्मपत्री के साथ विज्ञानिक दृष्टि से महत्वपूर्ण मिलान है आवश्यकता/उपलब्धता




# भगवान गणेश का यह स्वरूप विलक्षण और बड़ा ही मंगलकारी

भगवान श्री गणेश गजमुख, गजानन के नाम से जाने जाते हैं, क्योंकि उनका मुख गज यानी हाथी का है। भगवान गणेश का यह स्वरूप विलक्षण और बड़ा ही मंगलकारी है।

आपने भी श्री गणेश जी के गजानन बनने से जुड़े पौराणिक प्रसंग सुने-पढ़े होंगे। लेकिन क्या आप जानते हैं या विचार किया है कि गणेश का मस्तक कटने के बाद उसके स्थान पर गजमुख तो लगा, लेकिन उनका असली मस्तक कहां गया? जानिए, उन प्रसंगों में ही उजागर यह रोचक बात श्री गणेश के जन्म के सम्बन्ध में दो पौराणिक मान्यता है। प्रथम मान्यता के अनुसार जब माता पार्वती ने श्रीगणेश को जन्म दिया, तब इन्द्र, चन्द्र सहित सारे देवी-देवता उनके दर्शन की इच्छा से उपस्थित हुए। इसी दौरान शनिदेव भी वहां आए, जो श्रापित थे कि उनकी क्रूर दृष्टि जहां भी पड़ेगी, वहां हानि होगी। इसलिए जैसे ही शनि देव की दृष्टि गणेश पर पड़ी और दृष्टिपात होते ही श्रीगणेश का मस्तक अलग होकर चन्द्रमण्डल में चला गया। इसी तरह दूसरे प्रसंग के मुताबिक माता पार्वती ने अपने तन के मैल से श्रीगणेश का स्वरूप तैयार किया और स्नान होने तक गणेश को द्वार पर पहरा देकर किसी को भी अंदर प्रवेश से रोकने का आदेश दिया। इसी दौरान वहां आए भगवान शंकर को जब श्रीगणेश ने अंदर जाने से रोका, तो अनजाने में भगवान शंकर ने श्रीगणेश का मस्तक काट दिया, जो चन्द्र लोक में चला गया। बाद में भगवान शंकर ने रुष्ट पार्वती को मनाने के लिए कटे मस्तक के स्थान पर गजमुख या हाथी का मस्तक जोड़ा। ऐसी मान्यता है कि श्रीगणेश का असल मस्तक चन्द्रमण्डल में है, इसी आस्था से भी धर्म परंपराओं में संकट चतुर्थी तिथि पर चन्द्रदर्शन व अर्घ्य देकर श्रीगणेश की उपासना व भक्ति द्वारा संकटनाश व मंगल कामना की जाती है। भगवान राम ने धनुष तोड दिया था, सीताजी को सात फेरे लेने के लिए सजाया जा रहा था तो वह अपनी मां से प्रश्न पूछ बैठी, "माताश्री इतना श्रृंगार क्यों?''

"बेटी विवाह के समय वधू का 16 श्रृंगार करना आवश्यक है, क्योंकि श्रृंगार वर या वधू के लिए नहीं किया जाता, यह तो आर्यवर्त की संस्कृति का अभिन्न अंग है?'' उनकी माताश्री ने उत्तर दिया था।

"अर्थात?'' सीताजी ने पुनः पूछा, "

"और मेहंदी का अर्थ?''

मेहंदी लगाने का अर्थ है कि जग में अपनी लाली तुम्हें बनाए रखनी होगी।

"और काजल से यह आंखें काली क्यों कर दी?''

"बेटी! काजल लगाने का अर्थ है कि शील का जल आंखों में हमेशा धारण करना होगा अब से तुम्हें।''

"बिंदिया लगाने का अर्थ माताश्री?''

"बेंदी का अर्थ है कि आज से तुम्हें शरारत को तिलांजलि देनी होगी और सूर्य की तरह प्रकाशमान रहना होगा।

"यह नथ क्यों?''

"नथ का अर्थ है कि मन की नथ यानी किसी की बुराई आज के बाद नहीं करोगी, मन पर लगाम लगाना होगा।

"और यह टीका?''

"पुत्री टीका यश का प्रतीक है, तुम्हें ऐसा कोई कर्म नहीं करना है जिससे पिता या पति का घर कलंकित हो, क्योंकि अब तुम दो घरों की प्रतिष्ठा हो। "और यह बंदनी क्यों?''

"बेटी बंदनी का अर्थ है कि पति, सास ससुर आदि की सेवा करनी होगी। "पति का अर्थ?''

"पति का अर्थ है कि अपनी पत यानी लाज को बनाए रखना है, लाज ही स्त्री का वास्तविक गहना होता है।''

"कर्णफूल क्यों? "हे सीते! कर्णफूल का अर्थ है कि दूसरो की प्रशंसा सुनकर हमेशा प्रसन्न रहना होगा।''

'"और इस हंसली से क्या तात्पर्य है?

"हंसली का अर्थ है कि हमेशा हंसमुख रहना होगा सुख ही नहीं दुख में भी धैर्य से काम लेना।"मोहनलता क्यों?

"मोहनमाला का अर्थ है कि सबका मन मोह लेने वाले कर्म करती रहना।

"नौलखा हार और बाकी गहनों का अर्थ भी बता दो माताश्री?

"पुत्री नौलखा हार का अर्थ है कि पति से सदा हार स्वीकारना सीखना होगा,कडे का अर्थ है कि कठोर बोलने का त्याग करना होगा,बांक का अर्थ है कि हमेशा सीधा-सादा जीवन व्यतीत करना होगा,छल्ले का अर्थ है कि अब किसी से छल नहीं करना,पायल का अर्थ है कि बूढी बडियों के पैर दबाना, उन्हें सम्मान देना क्योंकि उनके चरणों में ही सच्चा स्वर्ग है और अंगूठी का अर्थ है कि हमेशा छोटों को आशीर्वाद देते रहना।

"माताश्री फिर मेरे अपने लिए क्या श्रृंगार है? "बेटी आज के बाद तुम्हारा तो कोई अस्तित्व इस दुनिया में है ही नहीं,तुम तो अब से पति की परछाई हो,हमेशा उनके सुख-दुख में साथ रहना,वही तेरा श्रृंगार है और उनके आधे शरीर को तुम्हारी परछाई ही पूरा करेगी। "हे राम!'' कहते हुए सीताजी मुस्करा दी। शायद इसलिए कि शादी के बाद पति का नाम भी मुख से नहीं ले सकेंगी, क्योंकि अर्धांगिनी होने से कोई स्वयं अपना नाम लेगा तो लोग क्या कहेंगे.

– ओशो

# बच्चों को अंधविश्वासी न बनाएं

रमेश घर से खरीदारी के लिए निकल रहा था कि अचानक उसकी पत्नी ने उसे आवाज देते हुए रोका। इस पर रमेश पत्नी पर बरस पड़ा कि घर से किसी काम के लिए निकलते हुए पीछे से रोकना अपशगुन होता है। उसे इस बात का अंधविश्वास था कि अब उसका काम नहीं बनेगा। उनका बेटा पिंटू यह सब देख रहा था जिससे उसके मन में यह बात बैठ गई। कुछ दिन बाद परीक्षा के लिए घर से जाते समय पिंटू की बहन ने उसे आवाज लगाकर रुकने के लिए कहा और इत्तफाक से उस दिन उसका एग्जाम अच्छा नहीं हुआ। कारण जो भी रहा हो



पर इसका इल्जाम वह बहन पर डालने लगा कि उसने टोका, इसलिए वह सफल नहीं हुआ। यह कहां की बुद्धिमानी है? यह कोरा अंधविश्वास है जिसे बच्चे ने अपने परिवार से सीख लिया और उस पर अमल करने लगा। परिवार का माहौल जैसा होगा, बच्चा वैसा ही बनेगा, चीजों को साइंटिफिक तरीके से सोचना सिखाएं ताकि बच्चे बिना आधार के अंधविश्वासों के लिए तर्क करें। दूध का उबलकर गिरना अपशगुन माना जाता है जो एक अंधविश्वास है। कि दूध बहुमूल्य वस्तु है और उसके बर्बाद होने से धन का नुकसान होता है। बच्चा जो देखता है उस पर विश्वास करने लगता है, इसलिए टीवी पर वह क्या देख रहा है, माता-पिता को इस बात का ध्यान रखना चाहिए। उनमें आत्मविश्वास की कमी आती है क्योंकि वे अपनी सफलता या असफलता का श्रेय किसी दिन, किसी वस्तु या ऐसी बातों पर डालते हैं जिनका कोई आधार नहीं होता और इसका सही कारण तलाश करने की कोशिश नहीं करते जबकि जो तर्क के आधार पर अपनी जिंदगी के फैसले लेते हैं वे हमेशा आगे बढ़ते हैं और रिलैक्स महसूस करते हैं।

– भरत गौतम

# हमारे बुजुर्ग-हमारी सम्पदा (मार्ग -दर्शक हमारे वरिष्ठ नागरिक)

वरिष्ठ नागरिक परिचय पुष्प है जिसकी सुगंध से समाज को उनके अनुभवों द्वारा लाभन्वित किया जा सकता हैं। क्योकि प्रत्येक वरिष्ठ नागरिक एक स्वयं संस्थान है । जिसके द्वारा युवा पीढ़ी मार्गदर्शन प्राप्त कर विकास के पथ पर अग्रसर होगी।वरिष्ठ नागरिक फोरम सद्भावनाा समिति मेरठ का मिशन है। कि मेरठ के सभी वरिष्ठ नागरिकों की रचनात्मकता का सदुपयोग हो इसके लिए प्रत्येक वरिष्ठ नागरिक का परिचय पत्र बनायें जायेगा तथा प्रत्येक वरिष्ठ नागरिक को श्रम शिखर समाचार पत्र की वर्षिक सदस्यता प्रदान की जायेगी जिससे वे अपने अनुभव, रचनाएं (कविता, कहानी, लेख आदि) श्रम शिखर में प्रकाशन हेतू भेज सके।

# स्वदेशी और विदेशी संस्कृति में अन्तर

स्वदेशी और विदेशी में अपरंपार अन्तर है। स्वदेशी सस्कृति पावन, अनोखी, चारित्रक है सम्य खान-पान वेशभूषा और पुनीत संस्कारों में ओतप्रोत है भारत देश एक धार्मिक भूमि पर बसा हैं बड़े-बडे योगी, महात्मा, धार्मिक देवताओं की भूमि है एक मय था जब यह स्वण्र हौर स्वर्ग नगरी कही जाती थी। परिवारों का सहयोग कष्ट दुखों में साथ रहते थें। सुन्दर, चारित्रवान बच्चों युवको से घर खुशहाल तथा दुखों से दूर रहकर खुशियों का जीवन बिताते थें। प्रातः से रात्रि तक संस्कारित जिन्दगी देख-देख घर के बुजुर्ग खुशी का अनुभव करते थे। बच्चों से लेकर परिवार की स्त्रियां तक संस्कारों से बंधी प्रतीत होती थी। प्रणाम, चरणस्पर्श, अभिवादनों से मन आनन्दित रहता था एकसाथ परिवार हम दो हमारे दो पांचवा न कोई बस-यही परिवार रह गया



रिश्तो का उनके जीवन में कोई स्थान महत्व नही रह गया। बस देख-देख यह सबकुछ मन दुखी, कष्टदायी बनकर रह गया। एक-दूसरे से कोई सरोकार नही रहा। लुप्त हो गयी भारतीय संस्कृति अब वह पावन संस्कृति कभी- वापिस आ गयी क्या? जैसा जमाना उसके साथ-साथ चलना पड़ेगा। स्वदेशी संस्कृति भार से अलविदा ही हो गयी।

– निवेदिका
एक बहन तुम्हारी

## आधुनिक घुसपैठिए

सदियों का संताप अब ठहर सा गया है।
घरौंदो से निकल कर आधुनिकता की दहलीज
पर बह सा गया है।
तराशा हुआ आदमी महानगर की गुलामगिरी
में ढह सा गया है।
भौतिकता का घुसपैठिया नगर से गांव तक
छा सा गया है।
विश्वबंधुत्व मुआयने के शिखर में
बंगड़ मेघ की भांति रह सा गया है।

## कुवलय

कला का पुरस्कार अब मिलता नहीं है
चित्र विचित्र होकर भी कोई बिकता नहीं।
घर की वापसी अब कोई करता नहीं
प्रजातंत्र के लिए कोई लड़ता नहीं।
सभ्यता व संस्कृति से अब कोई डरता नहीं
श्रमिक के लिए किसी से कोई भिड़ता नहीं
अमल-धवल महामानव अब कोई मिलता
नहीं निदाग कुवलय सा शख्स
कोई दिखता नहीं ।

– डॉ.राजीव डोगरा
(युवा कवि व लेखक)

## स्वप्न का परिवेश गढ़ दो .........

मौन करुणा के इशारे
में लिखा सन्देश पढ दो
स्वप्न में आया हुआ जो

वह नया परिवेश गढ़ दो
मील के पत्थर लिखे हैं

काल ने खुद लेखनी से
माप बाकी है न कोई
नियति की निज मापनी से
छोड़ दे जो रक्तपथ को

एक ऐसा देश गढ़ दो
स्वप्न में आया हुआ जो

वह नया परिवेश गढ़ दो
स्वार्थ - कुण्डों में बनी
आज - आहुति मानवी है
आचमन में ही चतुर्दिक
रक्त - पीती दानवी है
नेह- बूंदों से भरा बस

एक बादल ही पकड़ लो
स्वप्न में आया हुआ जो

वह नया परिवेश गढ़ दो
तृषित मन की कामना के
मोह - बन्धन खोलना है
उत्सर्ग की निज भावना
निर्लिप्त होकर तोलना है
भाग्यवादी - चक्षुओं को
कर्म पथ से ही जकड़ दो
स्वप्न में आया हुआ जो

वह नया परिवेश गढ़ दो



-डॉ भगवान प्रसाद उपाध्याय
निवास स्थान..
पत्रकार भवन गंधियाव गांव
करछाना प्रयागराज यू.पी.

इच्छाओं और जरूरतों का समाधान
हिन्दी साप्ताहिक श्रम शिखर CITY MEERUT CLASSIFIED
www. shramshikhar.in, shramshikhar@gmail.com



EDUCATION
शिक्षा कार्य- शिक्षा संबंधित जानकारियों और विभिन्न कोर्सो के विज्ञापन हेतू आवश्यकता/उपलब्धता